# 11. गुसाडी

**सोचो-बोलो**

not to be republished

**प्रश्न :**

1. चित्र में क्या दिखायी दे रहा है?
2. कुछ प्रसिद्ध लोकनृत्यों के नाम बताओ।

**छात्रों के लिए सूचनाएँ :**

1. पाठ पढ़ो। कठिन शब्द और वाक्य रेखांकित करो।
2. कठिन शब्द और वाक्य के बारे में मित्रों से चर्चा करो।
3. कठिन शब्दों के अर्थ शब्दकोश में ढूँढ़ो।



मेरा नाम जंगु है। मैं आदिलाबाद के गोंड जनजाति का युवक हूँ। मैं गोंडी भाषा में बात करता हूँ। यह भाषा बहुत ही मीठी होती है।

मैं नये शब्द आसानी से सीख सकता हूँ। मैं कोई भी शब्द बिना किसी कठिनाई के बोल सकता हूँ।

हमारी भी एक विशेष संस्कृति है। गुसाडी हमारी संस्कृति का प्रमुख नृत्य है। नाचते समय हमारी विशेष वेश-भूषा होती है। हम विविध उत्सवों पर नृत्य करते हैं। ''जंगुदाई'' हमारी देवी हैं। हम इनकी विशेष पूजा करते हैं। हमारा मानना है कि वे हमें संकटों से बचाती हैं। हम मोर के पंखों से बनी पगड़ी पहनते हैं। मुझे अपनी संस्कृति बहुत पसंद है।

पुरुष ढोल बजाते हैं, तो स्त्रियाँ गाना गाती हैं। हमारे गीत की प्रसिद्ध पंक्ति- '' रेला ....... रेला '' है। जैसा हम गाते हैं, वैसा ही नृत्य भी करते हैं।

हम जंगल में रहते हैं। यहाँ से शहर बहुत दूर है। हम तक पहुँचने के लिए सड़कों व बसों की सुविधाएँ बहुत कम हैं। अब सरकार सुविधाएँ देने का प्रयास कर रही है।

©SCERT not to be republished



## सुनो-बोलो

1. जनजाति के लोगों की क्या विशेषताएँ हैं?
2. शहर दूर होने के कारण गोंड जनजाति के लोगों को क्या-क्या कठिनाइयाँ होती हैं?
3. कुछ लोकनृत्यों के बारे में बताओ? जैसे :- कोलाटम, डांडिया आदि।

## पढ़ो

**(अ) वाक्यों को सही क्रम में लिखो।**

- बहुत मीठी है होती भाषा यह।

.....................................................................................................

- का संस्कृति प्रमुख है नृत्य गुसाडी हमारी।

.....................................................................................................

- बजाते हैं ढोल पुरुष।

.....................................................................................................

- दूर हैं होते शहर बहुत।

.....................................................................................................

## लिखो

**(अ) गुसाडी नृत्य के बारे में तुम क्या जानते हो?**

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

**(आ) जनजाति के बारे में तुम क्या जानते हो?**

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

© SCERT not to be republished

(ई) तुम्हें जनजाति लोगों की सबसे अच्छी बात कौन-सी लगती है?

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

## शब्द भंडार

(अ) जोड़ो और नये वाक्य लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिवाली | रंग खेलते हैं। | | ................................ |
| ईद | दीप जलाते हैं। | | ................................ |
| क्रिसमस | ईदगाह जाते हैं। |  | ................................ |
| होली | झंडा फहराते हैं। | | ................................ |
| स्वतंत्रता दिवस | सैंटा आते हैं। | | ................................ |

(आ) वाद्य यंत्रों के नाम लिखो।

तबला ढोल बाँसुरी वायोलिन वीणा

.............................. .............................. ..............................



.............................. ..............................

© SCERT not to be republished

(इ) वर्गपहेली में से पाठ में आये शब्दों को ढूँढकर लिखो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ज | गु | सा | डी | ल |
| न | वे | नृ | त्य | प |
| जा | जं | श | गों | डी |
| ति | गु | ता | भू | ला |
| कु | यु | व | क | षा |

नृत्य

............................

............................

............................

............................



## भाषा की बात

(अ) नीचे दिये गये वाक्य ध्यान से देखो।

- मैं गुसाडी नृत्य करता हूँ। जैसे :- हम गुसाडी नृत्य करते हैं।
- मैं पर्व मनाता हूँ। ......................................................
- मैं टी.वी. देखता हूँ। ......................................................
- मैं पानी पीता हूँ। ......................................................
- मैं खाना खाता हूँ। ......................................................

ऊपर दिये गये वाक्यों के आधार पर ''हम'' शब्द का उपयोग करते हुए कुछ वाक्य बनाओ।



## सृजनात्मक अभिव्यक्ति

जंगु का परिचय अपने शब्दो में दो।

| क्या मैं ये कर सकता हूँ? | हाँ (√) | नहीं (×) |
|---|---|---|
| 1. पाठ के बारे में बातचीत कर सकता हूँ। | | |
| 2. पाठ का सारांश अपने शब्दों में बता सकता हूँ। | | |
| 3. पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिख सकता हूँ। | | |
| 4. पाठ के शब्दों से वाक्य बना सकता हूँ। | | |

© SCERT not to be republished